## एनटीपीसी की फ्लाई ऐश डस्ट का असुरक्षित परिवहन बना लोगों की परेशानी का सबब

**गाडरवारा, देशबन्धु।** चीचली स्थित एनटीपीसी से निकलने वाली फ्लाई ऐश (राख) का परिवहन इन दिनों क्षेत्र के लोगों के लिए गंभीर समस्या का कारण बनता जा रहा है।



गाडरवारा-करेली, गाडरवारा-पिपरिया, गाडरवारा-साईंखेड़ा एवं उदयपुरा मार्गों पर फ्लाई ऐश से भरे वाहनों के आवागमन के दौरान सड़क पर बड़ी मात्रा में राख गिरने की शिकायतें सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई वाहन क्षमता से अधिक फ्लाई ऐश भरकर खुले रूप में परिवहन कर रहे हैं। इसके कारण वाहन चलते समय राख सड़क पर गिरती रहती है। सड़क पर जमा यह राख अन्य वाहनों के गुजरने पर धूल के गुबार के रूप में उड़ने लगती है, जिससे राहगीरों, मोटरसाइकिल चालकों और आसपास के रहवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों एवं वाहन चालकों के अनुसार उड़ने वाली फ्लाई ऐश आंखों में जलन, त्वचा संबंधी परेशानी तथा श्वास संबंधी समस्याएं उत्पन्न कर रही है। कई बार धूल का घना गुबार बनने से सड़क पर दृश्यता कम हो जाती है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ जाती है। लोगों का यह भी आरोप है कि कुछ स्थानों पर वाहन खराब होने या अन्य कारणों से फ्लाई ऐश को सड़क किनारे ही खाली कर दिया जाता है। बाद में यही सामग्री हवा के साथ उड़कर आसपास के क्षेत्र को प्रभावित करती है और आवागमन में बाधा उत्पन्न करती है। क्षेत्रवासियों ने परिवहन विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, स्थानीय प्रशासन तथा एनटीपीसी प्रबंधन से मांग की है कि फ्लाई ऐश के परिवहन के लिए पूरी तरह ढंके हुए अथवा बंद बॉडी वाले वाहनों का उपयोग सुनिश्चित किया जाए। साथ ही सड़क किनारे जमा फ्लाई ऐश के ढेरों को तत्काल हटाकर उनका वैज्ञानिक तरीके से निपटान किया जाए। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो यह समस्या जनस्वास्थ्य और सड़क सुरक्षा के लिए और अधिक गंभीर रूप धारण कर सकती है। लोगों ने प्रशासन एवं संबंधित विभागों से शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा जताई है।

## 2 किलो गांजे सहित एक आरोपी गिरफ्तार, साथी फरार

### डमरुघाटी, केकरा रोड में पुलिस की कार्रवाई



**गाडरवारा, देशबन्धु।** विगत शनिवार की रात्रि में पुलिस टीम को डमरूघाटी के पीछे केकरा रोड पर संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया, जो पुलिस टीम को देखकर भागने लगा। संदेह होने पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल उसका पीछा किया गया एवं प्रभावी घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया।

तलाशी लेने पर आरोपी अरुण शर्मा पिता नर्मदा प्रसाद शर्मा, उम्र 35 साल, निवासी बरमान के कब्जे से लगभग 2 किलोग्राम गांजा, कीमत करीब 30 हजार रुपये बरामद किया गया। पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ जप्त कर आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई है। इस पर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट धारा 8, 20 (बी) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया।

## सोते हुए माँ-बेटे को जहरीले सांप ने डसा

### 10 साले के बालक की मौत, महिला की स्थिति गंभीर

**गाडरवारा, देशबन्धु।** साईंखेड़ा थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम पिठरास में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां सर्पदंश के कारण एक 10 वर्षीय मासूम बालक की अकाल मौत हो गई, जबकि उसकी मां जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम पिठरास निवासी हरपाल सिंह राजपूत का परिवार रविवार की रात खाना खाने के बाद घर में ही फर्श पर बिस्तर लगाकर सो रहा था।

बिस्तर पर मां नीलम राजपूत आयु 35 वर्ष, बड़ी बेटी मान्यता राजपूत आयु 11 वर्ष और मासूम बेटा राम राजपूत आयु 10 वर्ष गहरी नींद में थे। रात करीब 12.30 बजे एक काले जहरीले सर्प ने बिस्तर पर सो रहे मासूम राम के दाएं हाथ की हथेली पर काट लिया। नींद में होने के कारण बालक को सर्पदंश का अहसास नहीं हुआ। उसने उठकर अपनी मां नीलम को बताया कि उसके हाथ में तेज दर्द हो रहा है। मां इस खतरे को भांप नहीं सकी और उसने ने मामूली दर्द समझकर बेटे के हाथ पर बाम लगा दिया, जिसके बाद दोनों दोबारा सो गए।

हैरान कर देने वाली बात यह रही कि इस चूक के ठीक 5 मिनट बाद उसी जहरीले सर्प ने मां नीलम राजपूत के बाएं हाथ की अंगुली में भी काट लिया। तेज दर्द होने पर जब मां हड़बड़ाकर उठी और उसने लाइट को जलाकर देखा, तो कमरे में एक काला सर्प रेंग रहा था। मां के चीखने की आवाज सुनकर परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे। परिजन आनन-फानन में दोनों गंभीर अवस्था में गाडरवारा अस्पताल लेकर आए। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की नाजुक हालत को देखते हुए चिकित्सक ने उन्हें तुरंत नरसिंहपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था; जिला अस्पताल में इलाज के दौरान 10 वर्षीय मासूम राम ने दम तोड़ दिया। वहीं, मां नीलम की हालत गंभीर बनी हुई है और उनका इलाज जारी है।

सूचना मिलने पर अस्पताल चौकी पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम कराया और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## सार-समाचार

### जनकल्याण शिविर में चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं का सम्मान

**गाडरवारा, देशबन्धु।** सोमवार क्रो जनपद पंचायत चीचली द्वारा जनकल्याण शिविर पंचायत भवन गांगई में आयोजित किया गया। शिविर में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता एवं शाला प्रवेश अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विकासखंड शिक्षा अधिकारी वीरेन्द्र सिंह राजपूत एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक डीके पटेल के निर्देशन में संपन्न हुआ।कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष श्रीमती राधाबाई अहिरवार की उपस्थिति रही। साथ ही मंचासीन अतिथियों में मुकेश मरैया पूर्व जनपद अध्यक्ष, नरेश कौरव भाजपा मंडल अध्यक्ष, केएल साहू एवं चंद्रकांत गुप्ता द्वारा विजेता एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।चित्रकला प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला तथा शाला प्रवेश अभियान के अंतर्गत प्रत्येक बच्चे को विद्यालय से जोड़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम के सफल संचालन में शिक्षा विभाग की ओर से अरुण दुबे (बीएसी), संजय सोनी, बुलंद कुशवाहा, दिनेश चौरसिया, लेखराम गौतम एवं सत्यम ताम्रकार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों एवं ग्रामीणजनों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा शिक्षा विभाग की इस पहल की सराहना की।

### नरसिंह मंदिर में भेंट की आरती एवं भजन कीर्तन की सामग्री



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** नरसिंह मंदिर में अंकित धोरेलिया राम पिता तुलसीराम धोरेलिया ग्राम कुकवारा एवं मोनू जाट पिता श्री जयराम जाट ग्राम कपूरी द्वारा स्वचालित विद्युत आरती मशीन एवं टावर स्पीकर साउंड सिस्टम भेंट किया गया। साथ ही दोनों दानदाता युवाओं द्वारा महाआरती कराई गई और प्रसादी वितरित की गई। श्री देव नरसिंह मंदिर ट्रस्ट के लकी जाट एवं राजेश विश्वकर्मा ने बताया कि दोनों दानदाताओं द्वारा उक्त उपयोगी सामग्री प्रदान करते हुए भविष्य में भी मंदिर के लिए सहयोग राशि देने का आश्वासन दिया। उक्त सामग्री आरती एवं भजन कीर्तन के समय उपयोगी रहेगी।

### रोजगार प्राप्त विद्यार्थियों का सारा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट में हुआ सम्मान

**गाडरवारा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन के अंतर्गत पंजीकृत एनजीओ सोसायटी फॉर अवेयरनेस एंड रूरल एडवांसमेंट द्वारा संचालित सारा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के ऑथराइज्ड टैली इंस्टीट्यूट में प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार हासिल करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न कंपनियों में चयनित विद्यार्थियों का सम्मान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। समारोह में चयनित विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि सारा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के ऑथराइज्ड टैली इंस्टीट्यूट में उन्हें आधुनिक सुविधाओं के साथ गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त हुआ ।

## काली फिल्म हटाने कहा तो पुलिस को धमकाया, पुलिस ने निकाला जुलूस

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** एक युवक को शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को डराना धमकाना बेहद महंगा पड़ा। इस युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया और पुलिस की गाड़ी जब खराब हो गई तो इसको पैदल थाने तक ले जाया गया। लोगों ने कहा कि पुलिस ने इसका जुलूस निकालकर ठीक किया। जानकारी अनुसार रविवार की देर शाम को यातायात पुलिस वाहनों की जांच कर रही थी इसी दौरान सूरज पटेल अपनी कार से निकला यातायात पुलिस ने सूरज पटेल की कार में लगे कांचों में लगी नीली फिल्म को हटाने की बात की। पर सूरज पटेल ने कोई बात नहीं मानी और वह पुलिस अधिकारियों को डराने धमकाने लगा अभद्रता करने लगा। समझाने के बाद भी उसने शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाई। इसे लेकर गिरफ्तार किया गया है मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। जानकारी अनुसार पुलिस ने ब्रांच स्कूल के पास कार से काली फिल्म हटवाई और बिना नंबर प्लेट वाली गाड़ी पर नंबर प्लेट लगवाई। युवक ने कार्रवाई का विरोध करते हुए हंगामा किया, जिससे क्षेत्र में कुछ देर के लिए गहमागहमी की स्थिति बन गई। यातायात थाना प्रभारी ममता तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान उन्होंने एक वरना कार को रोका, जिसके शीशों पर गहरे रंग की काली फिल्म लगी थी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि वाहन चालक को कुछ दिन पहले राम मंदिर क्षेत्र में भी चेकिंग के दौरान रोका गया था। उस समय उसे काली फिल्म हटाने और नंबर प्लेट लगाने की चेतावनी दी गई थी, लेकिन उसने निर्देशों का पालन नहीं किया।



रविवार को दोबारा पकड़े जाने पर वाहन चालक सूरज पटेल पुलिसकर्मियों से उलझ गया। उसने अपनी राजनीतिक पहुंच का हवाला देते हुए कार्रवाई का विरोध करना शुरू कर दिया। पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को डराने धमकाने लगा। पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए मौके पर ही कार के शीशों से काली फिल्म हटवाई और नंबर प्लेट लगवाई। यातायात थाना प्रभारी ममता तिवारी ने जानकारी दी कि आरोपी सूरज पटेल ने लगभग दो घंटे तक अपनी गाड़ी बीच सड़क पर खड़ी करके यातायात व्यवस्था को बाधित किया। बार-बार समझाने के बावजूद जब वह नहीं माना। कोतवाली थाना प्रभारी गौरव चाटे ने बताया कि आरोपी सूरज पटेल के खिलाफ पूर्व में भी मारपीट सहित अन्य आपराधिक मामले दर्ज हैं।

पुलिस अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि यातायात नियमों का पालन सभी नागरिकों के लिए समान रूप से अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के रसूख या दबाव के आगे कानून से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर पुलिस कार्रवाई का सभी ने स्वागत किया है। लोगों का कहना है इस प्रकार के लोगों पर सख्ती से कार्यवाही हमेशा होना चाहिए।

## पटवा-लखेरा समाज का गठन



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** अखिल भारतीय पटवा में समाज सभा के तहत नरसिंहपुर नगर पटवा समाज की आवश्यक बैठक प्रदेश सहप्रचार मंत्री डॉ राजकुमार पटवा के निवास पर रखी गई जिसमें नगर पटवा समाज की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया ।नगर अध्यक्ष राकेश पटवा एवं सचिव प्रशांत पाटकर व अन्य पदाधिकारी को चयन किया गया। संपूर्ण मध्य प्रदेश में समस्त पटवा समाज के द्वारा पटवा समाज को विश्वकर्म योजना के तहत पटवा समाज कल्याण बोर्ड के गठन हेतु मांग जोरों पर उठ रही है सभी प्रदेश पदाधिकारी ,जिला व नगर अध्यक्षो द्वारा स्थानीय विधायकों और मंत्रियों के द्वारा माननीय मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किए जा रहे हैं। बैठक में विभिन्न सुझावों पर चर्चा की है जिसमें समाज मे ऐसी प्रतिभाएं हैं जो समाज को गौरवानवित कर रहे हैं उनका सम्मान समारोह ,वरिष्ठ समाज बंधु जो लगातार विगत वर्षों से समाज में सक्रिय व समाज उत्थान में भूमिका निभा रहे हैं उनका अभिनंदन मंच द्वारा किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी प्रदेश सह प्रचार मंत्री डॉ राजकुमार पटवा द्वारा प्रेषित की गई।

## युवा कांग्रेस ने राज्यसभा निर्वाचन अधिकारी का पुतला फूंका

### कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन लगातार जारी

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का फार्म निरस्त किए जाने को लेकर कांग्रेस लगातार विरोध प्रदर्शन कर रही है और इस घटना को लोकतंत्र की हत्या बताया जा रहा है। इसी क्रम में युवा कांग्रेस ने राज्यसभा निर्वाचन अधिकारी का पुतला फूंक कर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। वरिष्ठ नेता लखन सिंह पटेल के नेतृत्व में युवा कांग्रेस ने सुभाष पार्क पर नारेबाजी की और कहा कि भाजपा के संरक्षण में निर्वाचन आयोग ने लोकतंत्र की हत्या कर दी। वरिष्ठ नेता लखन सिंह पटेल ने कहा कि चिंता का विषय है कि मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और राज्य सरकार तानाशाह और मनमर्जी से काम कर रहे हैं। संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं लोगों को उलझाकर बुनियादी मुद्दों से ध्यान भटकाया जा रहा है आज बेरोजगारी महंगाई से जनता परेशान है, किसान कई समस्याओं से जूझ रहा है और सरकार प्रचार तंत्र के माध्यम से झूठी वाह वाह लूट रही है किंतु कांग्रेस लगातार संविधान की रक्षा के लिए हमेशा संघर्ष करती रहेगी। उक्त मौके पर शैलेंद्र सिंह राजपूत ,



कंछेदी पटेल धनीराम पटेल, देवेंद्र शुक्ला ,विशाल ठाकुर, नितिन गोयल , राजा ठाकुर ,रफीक भाई नूरानी, विशाल राय ,आशीष राजवैद्य, आनंद चौरसिया , कौशलेंद्र जाट , यासीन मनचला ,बबलू खान तोप सिंह महोबिया, रत्नेश पटेल , अभय राय धर्मेंद्र जाट, कुश बाटली , ,महेंद्र पटेल शुभम पटेल, सौरभ रिछारिया , विष्णु प्रजापति रितेश राय ,विकास पटेल, प्रिंस पटेरिया ,राहुल ,संजय मेहरा ,विनोद पाली , विवेक पटेल ,ईशान राय रोहित पटेल, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष शुभम पटेल के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।

## 16 जून से मत्स्याखेट प्रतिबंधित

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** प्रदेश में नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम के तहत 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट प्रतिबंधित रहेगा। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने म.प्र. नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम के प्रावधानों के तहत अधिसूचना जारी की है। जिसके तहत छोटे तालाब अथवा अन्य स्त्रोत जिनका कोई संबंध किसी नदी से नहीं है और जिन्हें निर्दिष्ट जल की परिभाषा में नहीं लाया गया है, को छोड़कर समस्त नदियों व जलाशयों में बंद ऋतु में मत्स्याखेट पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। अधिसूचना में कहा गया है कि बंद ऋतु की अवधि में जिले में अवैधानिक मत्स्याखेट/ परिवहन/ क्रय- विक्रय आदि कार्य करते पाये जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरूद्ध मप्र मत्स्योद्योग अधिनियम 1981 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जावेगी। शासन के निर्देशों और निर्धारित नियमों के उल्लंघन करने वाले व्यक्ति की दोष सिद्धि पर उसे एक वर्ष तक के कारावास या 5 हजार रूपये तक के जुर्माना से दंडित किया जा सकेगा।

## मां नर्मदा समाज सेवी संस्था की मण्डलीय बैठक आयोजित



**गाडरवारा, देशबन्धु।** विगत दिवस मां नर्मदा समाज सेवी संस्था गाडरवारा नगर मंडल की बैठक राज राजेश्वरी होटल में संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथियों के रूप में गायत्री मंडल के पुजारी, बसंत जोशी, नागेन्द्र त्रिपाठी, कमल ठाकुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता के रूप में प्रदेश महामंत्री भैयाजी रावत, जिला महामंत्री अशोक भार्गव, नगर मंडल अध्यक्ष अखिलेश राय, संस्था के जिला उपाध्यक्ष मनोहर सिंह पटेल तहसील साइखेड़ा के अध्यक्ष बद्री प्रसाद पटेल उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत में उपस्थित सभी अतिथियों द्वारा मां नर्मदा की पूजन अर्चना की गई जिसके बाद मुख्य अतिथियों एवं नवनियुक्त पदाधिकारियों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। बैठक में नगर मंडल एवं जिला स्तर पर संगठनात्मक नियुक्तियों को लेकर चर्चा हुई एवं सदस्यों द्वारा मां नर्मदा समाज सेवी संस्था की सदस्यता ग्रहण की। बैठक के दौरान सभी की सहमति से बसंत जोशी को जिला संरक्षण, नागेन्द्र त्रिपाठी को जिला संयोजक, कमल ठाकुर को जिला मीडिया प्रभारी, अमर सिंह धानक को पलोहा मंडल उपाध्यक्ष, गुड्डू पंडा को निरंजन वार्ड अध्यक्ष, कमलेश नीरश को रानी लक्ष्मीबाई वार्ड अध्यक्ष, राजेंद्र कुमार तिनगुनिया को गायत्री नगर मंडल अध्यक्ष तथा कृष्ण यादव को शास्त्री वार्ड अध्यक्ष, कमलेश चंचल को मंडल गोटीटोरिया का दायित्व सौंपा गया इसके अलावा अन्य लोगों को भी विभिन्न जिम्मेदारियां दी गई। प्रत्येक मंडल में 15 से 20 ग्रामों को समाहित किया जाएगा।

उद्बोधन की श्रृंखला में संस्था के संस्थापक भैयाजी रावत, अशोक भार्गव एवं अन्य अतिथियों द्वारा उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए संस्था के उद्देश्य को सभी के समक्ष रखा तथा उन्होंने कहा कि हम सभी लोगों को मिलकर मां नर्मदा को बचाने के लिए प्रयास करना है तथा माँ नर्मदा में विशेष साफ सफाई के अलावा विभिन्न जगहों से प्रभावित होने वाले गंदे मल मूत्र को रोकने संबंधी प्रयास करना है द्य हम सभी का प्रयास रहे की सप्ताह में कम से कम एक दिन सभी जन उपस्थित होकर मां नर्मदा में विशेष साफ सफाई अभियान चलाने की शुरुआत करें।

इस दौरान संस्था के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि हम अपने दायित्वों के अनुसार संस्था के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित होकर अपना कार्य करेंगे एवं संस्था को उच्च स्तर तक पहुंचाने के लिए समर्पित रहेंगे। बैठक में बड़ी संख्या में नर्मदा भक्त उपस्थित रहे। अंत में उपस्थित सभी जनों का आभार नगर मंडल अध्यक्ष अखिलेश राय द्वारा किया गया ।

## आज गुम हो रही क्यों गौरेया, गगन में कम हो रही क्यों गौरैया...

### नरसिंह साहित्य परिषद् की काव्य गोष्ठी का आयोजन

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** नरसिंह साहित्य परिषद् की काव्य गोष्ठी स्थानीय वी. ई. पी. स्कूल में डॉ महेश त्रिपाठी की अध्यक्षता में और सी. बी. शर्मा के मुख्यातिथ्य एंव सतीश तिवारी सरस के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुई काव्य गोष्ठी की शुरुआत कवि कुंजबिहारी यादव की सरस्वती वंदना से हुई।

काव्यपाठ के क्रम में युवा कवि विश्वास जाटव ने चंचल चपल चारू चरित्र चमक भी हो कवि सत्यम नेमा द्वारा वैशाख में ज्यों



सतुआ खाए कवि प्रताप पटेल ने आ गई मैं तो सहेली परदेशी की बातों में कवि कुंजबिहारी यादव द्वारा डूब कालिन्दी जल न नहा पाया जो कवि प्रशांत शर्मा सरल द्वारा आज गुम हो रही क्यों गौरेया, गगन में कम हो रही क्यों गौरैया पर्यावरण संरक्षण की ओर इशारा किया कवि कीरत पटेल द्वारा नये युग नया चरण बचाना होगा पर्यावरण कवि सूर्यकान्त साहू द्वारा धुंध से भर गया शहरकवि लखन शब्दाक्षरी द्वारा अभी कहाँ वाकिफ हो तुम मेरी गहराई सेकवि सतीश तिवारी सरस द्वारा पढो भाव तुम व्याकरण पे न जाना ,वरिष्ठ कवि सी.बी. शर्मा द्वारा पावन परम पुनीता भजो रे मन श्रीराम सीता वरिष्ठ कवि डॉ महेश त्रिपाठी द्वारा आओ हम सब मिलकर पेड़ पौधे लगाये काव्य पाठ करके गोष्ठी को ऊंचाई प्रदान की। सूर्यकान्त साहू के आभार के साथ गोष्ठी संपन्न हुई।


## मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

